Send
Pdf
28/5/21

Class - VII th

## प्रश्न और अभ्यास

हिन्दी - व्याकरण पाठ - 1 पुस्तक-कार्य के प्रश्न - उत्तर

1. निम्नलिखित वाक्यों में से सही के सामने सही ( ✓ ) तथा गलत के सामने गलत ( × ) का निशान लगाइए–

(क) भाषा के द्वारा विचारों का आदान-प्रदान किया जाता है। ✓

(ख) भाषा के तीन रूप होते हैं। ×

(ग) व्याकरण के तीन अंग होते हैं। ×

(घ) व्याकरण से भाषा के शुद्ध रूप का ज्ञान होता है। ✓

(ङ) भाषा के क्षेत्रीय रूप को बोली कहते हैं। ✓

2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तरों के लिए दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प चुनकर कोष्ठक में लिखिए–

(क) हमारे देश की राजभाषा निम्नलिखित में से कौनसी है?

(अ) अंग्रेजी (ब) हिंदी ✓

(स) संस्कृत (द) पंजाबी सही उत्तर (हिंदी)

(ख) निम्नलिखित में से कौनसी भाषाएँ एक ही लिपि देवनागरी में लिखी जाती हैं?

(अ) हिंदी और संस्कृत ✓ (ब) हिंदी और अंग्रेजी

(स) हिंदी और जर्मन (द) हिंदी और उर्दू सही उत्तर (हिंदी और संस्कृत)

(ग) भाषा के शुद्ध रूप की जानकारी किसके द्वारा मिलती है?

(अ) लिपि द्वारा (ब) लिखित रूप द्वारा

(स) बोली द्वारा (द) व्याकरण द्वारा ✓ सही उत्तर (व्याकरण द्वारा)



Scanned by TapScanner

(घ) नेपाली भाषा किस लिपि में लिखी जाती है?

(अ) देवनागरी लिपि में ✓ (ब) रोमन लिपि में

(स) फ़ारसी लिपि में (द) गुरुमुखी लिपि में

सही उत्तर (देवनागरी लिपि में)

(ङ) निम्नलिखित में से कौनसा रूप भाषा के भेद के रूप में मान्य नहीं है?

(क) मौखिक रूप (ब) लिखित रूप

(स) सांकेतिक रूप ✓ (द) इनमें से कोई नहीं

सही उत्तर (सांकेतिक रूप)

**3. निम्नलिखित भाषाओं की लिपियों के नाम लिखिए–**

| भाषा | लिपि |
|---|---|
| (क) हिंदी | देवनागरी |
| (ख) अंग्रेजी | रोमन |
| (ग) पंजाबी | गुरुमुखी |
| (घ) मराठी | देवनागरी |
| (ङ) जर्मन | रोमन |

**4. निम्नलिखित वाक्यों में दिए गए रिक्त स्थानों को उचित शब्दों द्वारा पूरा कीजिए–**

(क) व्याकरण द्वारा भाषा के नियमों का निर्धारण होता है।

(ख) भाषा को लिखने के लिए प्रयुक्त होने वाले चिह्नों को लिपि कहते हैं।

(ग) भारतीय संविधान में मान्यता प्राप्त भाषाओं की कुल संख्या बाईस है।

(घ) भाषा के क्षेत्रीय रूप को बोली कहा जाता है।

(ङ) हिंदी को राजभाषा का दर्जा 14 सितंबर, 1949 को मिला।

**5. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए–**

(क) भाषा किसे कहते हैं? इसके भेदों के नाम लिखिए।

उ०- मन के भावों और विचारों को एक-दूसरे के सामने प्रकट करने के साधन को भाषा कहते हैं। इसके दो भेद हैं–(1) मौखिक भाषा (2) लिखित भाषा।

(ख) बोली से क्या अभिप्राय है? यह भाषा से किस प्रकार भिन्न है?

उ०- भाषा का क्षेत्रीय रूप बोली कहलाता है। इसका कोई लिखित साहित्य नहीं होता है। यह बोलने तक सीमित होता है। इसका क्षेत्र सीमित होता है जबकि भाषा का क्षेत्र व्यापक होता है।

(ग) लिपि किसे कहते हैं? उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए।

उ०- भाषा की ध्वनियों के लिखित रूप के लिए जिन चिह्नों का प्रयोग किया जाता है, उसे लिपि कहते हैं। हिन्दी भाषा की लिपि देवनागरी है।

(घ) भाषा के लिए व्याकरण का क्या महत्त्व है?

उ०- व्याकरण भाषा का शुद्ध ज्ञान कराता है। यह भाषा की विविधता को रोकता है तथा भाषा के नियमों को निर्धारित करता है।

(ङ) व्याकरण के कितने अंग होते हैं? उनके नाम लिखिए।

उ०- व्याकरण के चार अंग हैं–(1) वर्ण-विचार (2) शब्द-विचार (3) वाक्य-विचार (4) पद-विचार।



Scanned by TapScanner